236

निविदा विज्ञापन संख्या......09....../2024

**बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।**

दिनांक– 23-07-2024

प्रशिक्षुओं के अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए अकादमी स्थित यूटिलिटी भवन में फल एवं जूस दुकान का आवंटन खुली निविदा के माध्यम से किया जाना है।

दुकान का क्षेत्रफल के हिसाब से सरकारी दर 19.25/– रू0 प्रति वर्ग फिट के अनुसार दुकान का क्षेत्रफल एवं बेस रेट तालिका के अनुसार निम्नवत है। जिन निविदादाताओं द्वारा उक्त दुकान के लिए सर्वोच्च बोली लगायी जाएगी उस निविदादाता को फल एवं जूस दुकान आवंटित किया जाएगा। इस संबंध में सभी इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| **क्र0 सं0** | **कमरा/दुकान संख्या** | **दुकान का प्रकार** | **दुकान का क्षेत्रफल** | **दुकान का किराया न्यूनतम बेस रेट के हिसाब से प्रति माह** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 | फल एवं जूस दुकान | 11 x 9 =99 वर्ग फीट | 19.25/–रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 1,906/–रू0 |

## निविदा डालने की संक्षिप्त प्रकिया :–

| | |
|---|---|
| निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–...08/...08/2024<br>समय अपराहन 17.00 बजे तक |
| निविदा/तकनीकी बिड खोलने/बोली लगाने की तिथि एवं समय | दिनांक–...09/...08/2024<br>समय 11.30 बजे पूर्वाह्न |

## निविदा के लिए निर्धारित शर्तें

1. उक्त दुकान ग्यारह माह के अवधि हेतु आवंटित की जायेगी। एकरारनामाकर्ता को अकादमी द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता एवं इकरारनामा शर्तों को पूर्ण करने की स्थिति में आवंटन अवधि में अधिकतम दो बार 11–11 माह के लिए विस्तार करने का अधिकार अकादमी के पास सुरक्षित रहेगा।
2. इच्छुक निविदादाता अपनी–अपनी निविदा पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक (प्रशासन) बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के नाम से बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर स्थित प्रशासनिक भवन में निर्धारित निविदा बॉक्स में जमा कर सकते हैं। (निविदा डालने का पता :–सहायक निदेशक (प्रशासन), बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर, नालंदा, पिन कोड–803116)
3. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकर्ता, निविदा खोलने की तिथि को बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में स्वयं उपस्थित रहेंगे अथवा प्राधिकृत व्यक्ति को भेज सकते हैं, जो प्राधिकार पत्र के साथ अपना पहचान पत्र भी साथ में रखेंगे।
4. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता को तकनिकी बिड का लिफाफा में संबंधित सभी दस्तावेजों को संलग्न कर सील करते हुये निविदा बॉक्स में उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय तक डालना होगा।
5. निर्धारित समयावधि के बाद आने वाले निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

6. निविदा में चयन होने के उपरांत चयनित निविदादाता को उक्त दुकान के आवंटन हेतु जमानत राशि के रूप में 50,000/–रूपया एकरारनामा के समय अकादमी के लेखा शाखा में एक मुस्त जमा करनी होगी, जिसे एकरारनामा समाप्त होने उपरांत उक्त राशि लौटा दी जायेगी।
7. निविदा में चयन होने के उपरांत चयनित निविदादाता को उक्त दुकान के आवंटन हेतु एक माह का अग्रिम किराया राशि (निविदादाता द्वारा लगाये गये सर्वोच्च बोली) एकरारनामा के समय अकादमी के लेखा शाखा में एक मुस्त जमा करनी होगी।
8. तकनीकी बिड में सफल होने वाले निविदादाता बोली लगाने की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।
9. दुकान का आवंटन खुली बोली के आधार पर किया जायेगा एवं बोली का प्रारंभ न्यूनतम बेस रेट 1,906/–रू0 से किया जायेगा। अकादमी को सर्वोच्च लाभ देने वाले निविदादाता को उक्त दुकान संचालन करने हेतु अन्तिम रूप से चयन किया जायेगा।
10. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को उक्त दुकान आवंटन होने उपरांत प्रति माह मासिक किराया के अतिरिक्त बिजली बिल अलग से देय होगा।
11. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के फर्म/प्रतिष्ठान संचालन करने से संबंधित लाईसेंस होना अनिवार्य है।
12. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता को दुकान का संचालन स्वयं/अपनें कर्मियों के द्वारा करना होगा।
13. अकादमी में धूम्रपान/किसी भी तरह के मादक पदार्थो की बिक्री/आयात/निर्यात पूर्णतः प्रतिबंधित है। मद्यपान पूर्णतः वर्जित रहेगा। दुकान संचालक एवं उनके कर्मी के विरूद्ध इस तरह की शिकायत मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
14. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता दुकान के अन्दर किसी भी प्रकार का अस्थायी निर्माण अकादमी के वरीय पदाधिकारी से अनुमति लेने/मिलने के पश्चात् ही करेंगे।
15. बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के पास निविदा में वर्णित किसी भी शर्त को शिथिल करने/स्वीकृत करने/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
16. इस विज्ञापन को अकादमी के वेवसाइट **www.bpa.bihar.gov.in** से डाउनलोड कर निविदा डाल सकते हैं।

23/7/24

**पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक (प्रशासन)**
**बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।**

प्रतिलिपि :

1. आई0टी0 शाखा, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर उक्त विज्ञापन को अकादमी के बेवसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

# दुकान आवंटन की शर्तें (तकनिकी बिड)

1. सभी निविदा कर्ता को प्रपत्र के साथ दुकान/प्रतिष्ठान का लाईसेंस, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं GST का अद्यतन छायाप्रति, पुलिस चरित्र सत्यापन रिपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
2. निविदाकर्ता को आयकर रिटर्न विगत तीन वर्षों का लगाना होगा।
3. निविदाकर्ता को अपने फर्म/प्रतिष्ठान के **Non Blacklist** से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगाना होगा।
4. निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकर्ता को 2,000/-(दो हजार) (Non-refundable) रूपये बिहार पुलिस अकादमी एमेनिटी फण्ड राजगीर को भुगतेय बैंक ड्राफ्ट जो राजगीर स्थित किसी बैंक में भुगतान किया जा सके, जमा करना होगा।
5. निविदाकर्ता का अन्डरटेंकिंग :

   - मेरे द्वारा निविदा नियमावली एवं अन्य नियम तथा शर्त अच्छी तरह पढनें/समझने के उपरांत यह आवेदन दिया जा रहा है। अकादमी द्वारा निर्धारित सभी नियमों/शर्तों के अनुसार दुकान की संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करनें का आश्वासन देता हूँ।
   - मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य/संलग्न अभिलेख तथा प्रमाण पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। निविदा में किसी स्तंर पर गलत पाये जाने पर अकादमी यथोचित आवश्यक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

# निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र का प्रपत्र

| पासपोर्ट साईज एक फाटो |
|---|

1. दुकान एवं प्रकार एवं दुकान संख्या
(जिसके लिए आवेदन दिया जा रहा है)

2. आवेदक / फर्म का नाम :
(व्यक्ति / एंजेसी / फर्म इडिभिजुअलः
संबंधित कागजात की प्रतिलिपि संलग्न करें)

3. पिता का नाम :

4. वर्तमान एवं स्थाई पता :
(दूरभाष सहित)

5. मोबाईल नम्बर :–

6. दुकान संचालन हेतु लाईसेंस का विवरणी :–

7. अनुभव / दक्षता

आवेदक का हस्ताक्षर